नया इंडिया

# परदेश/कूटनीति

## सार समाचार

### हम यूक्रेन की राजधानी के आसपास अभियान में कटौती करेंगे: रूस

**कीव, एपी।** रूस के उप रक्षा मंत्री एलेक्जेंडर फोमिन ने मंगलवार को कहा कि युद्ध समाप्त किए जाने के मकसद से जारी वार्ता में "विश्वास बढ़ाने के लिए" मॉस्को ने कीव और चेर्नीहीव के पास अभियान में "मौलिक रूप से कटौती" करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि रूसी बल कीव और चेर्नीहीव की दिशा में सैन्य गतिविधियों में कटौती करेंगे। तुर्की में मंगलवार को रूस और यूक्रेन के वार्ताकारों के बीच हो रही आमने-सामने की बातचीत के दौरान फोमिन का ये बयान सामने आया है। रूस द्वारा 24 फरवरी को यूक्रेन पर शुरू किए गए हमले के बाद पहली बार है, जब रूस ने कुछ नरमी के संकेत दिए हैं।

### दक्षिणी यूक्रेन में हमले में सात लोगों की मौत : जेलेंस्की

**कोपेनहेगन, एपी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि दक्षिणी शहर माइकोलीव में क्षेत्रीय सरकार के मुख्यालय पर मिसाइल हमले में सात लोगों की मौत हो गई। जेलेंस्की ने दुभाषिए के जरिए डेनमार्क की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि मंगलवार को रूसी सैनिकों के हमले में 22 लोग घायल हो गए। स्थानीय गवर्नर विटाइली किम के टेलीग्राम चैनल पर एक वीडियो में दिखा कि हमले से नौ मंजिला इमारत बीच में से नष्ट हो गई। किम ने आरोप लगाया कि रूसी सेना ने हमला करने से पहले इमारत में कर्मचारियों के आने का इंतजार किया और कहा कि वह भाग्यशाली हैं क्योंकि वह वहां नहीं पहुंचे थे। जेलेंस्की ने हाल के दिनों में अमेरिका, ब्रिटेन, स्वीडन, जर्मनी, कनाडा, इजराइल, जापान और यूरोपीय संघ सहित कई देशों में सांसदों को संबोधित किया है।

वह बुधवार को नॉर्वे की संसद को संबोधित करने वाले हैं। जेलेंस्की ने डेनमार्क की संसद को संबोधित करते हुए कहा, ''द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जो नृशंसता दिखी थी, उससे भी ज्यादा हिंसा हो रही है।''

### व्हाइट हाउस में सिंगापुर के पीएम की मेजबानी करेंगे बाइडन

**वाशिंगटन, एपी।** रणनीतिक संबंध को रेखांकित करने के लिये सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग मंगलवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। बाइडन प्रशासन के अधिकारियों को उम्मीद है कि इसका लाभ अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलेगा जो दोनों ही गोलार्द्ध में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि बाइडन और ली यूक्रेन में युद्ध और "समुद्र की स्वतंत्रता" सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। 'समुद्र की स्वतंत्रता' एक ऐसे क्षेत्र में एक प्रमुख मुद्दा है जहां बीजिंग ने अधिकांश दक्षिण चीन सागर पर क्षेत्रीय दावे किए हैं।

## जयशंकर ने बिम्सटेक में लिया हिस्सा

कहा, बिम्स्टेक सदस्य देशों को आतंकवाद, हिंसक उग्रवाद का मिलकर मुकाबला करना चाहिए।



**कोलंबो ■ भाषा**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि बिम्स्टेक के सदस्य देशों को आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद का मुकाबला सामूहिक रूप से करना चाहिए। जयशंकर ने विशेष रूप से संपर्क, ऊर्जा और समुद्री क्षेत्र में सहयोग को तेज करने एवं इसे विस्तार देने की भारत की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया।

कोलंबो में 18वीं बिम्स्टेक मंत्रिस्तरीय बैठक में जयशंकर ने यूक्रेन की स्थिति के बारे में भी बात की और कहा, ''अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखने तथा यहां तक कि स्थिरता को भी अब हल्के में नहीं लिया जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय तंत्र एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है, शायद हाल की स्मृति में यह सबसे कठिन में से एक है। कोविड-19 महामारी की चुनौतियां अब तक पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई हैं कि यूक्रेन में हाल के घटनाक्रम ने अंतरराष्ट्रीय बेचैनी को बढ़ा दिया है।'' विदेश मंत्री ने कहा, ''हम सभी ने रेखांकित किया है कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने और यहां तक कि स्थिरता को भी अब हल्के में नहीं लिया जा सकता है। हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि वैश्विक अर्थव्यवस्था से और कुछ मामलों में अपनी घरेलू अर्थव्यवस्थाओं के भीतर प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।''

बिम्सटेक सदस्य देशों के साथ भारत के सहयोग का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि बंदरगाह केंद्रों, नौका सेवाओं, तटीय जहाजरानी, ग्रिड कनेक्टिविटी और मोटर वाहनों की आवाजाही पर सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''हम अपने राष्ट्रीय विकास प्रयासों में जो कुछ भी हासिल कर सकते हैं, वह निश्चित रूप से एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित और स्थिर वातावरण पर आधारित है।'' जयशंकर ने कहा, ''हम आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय अपराध और मादक पदार्थ-तस्करी या साइबर हमले जैसी नयी चुनौतियों की अनदेखी नहीं कर सकते ।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि ये सभी आर्थिक विकास के उनके प्रयासों को प्रभावित करते हैं। जयशंकर ने कहा, ''हमें कानूनी ढांचे के शेष तत्वों को स्थापित करने की आवश्यकता है जो हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को अधिक निकटता एवं अधिक प्रभावी ढंग से सहयोग करने में सक्षम बनाएंगी।''

## संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी प्रमुख यूक्रेन के दौरे पर पहुंचे

**बर्लिन ■ एपी**

संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था का कहना है कि उसके महानिदेशक यूक्रेन के परमाणु केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ''तत्काल तकनीकी सहायता'' के वास्ते वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए देश पहुंचे हैं।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को कहा कि उसके महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी का उद्देश्य यूक्रेन के परमाणु स्थलों के लिए ''त्वरित सुरक्षा और सहायता प्रदान करना'' है।

इसमें आईएईए विशेषज्ञों को ''प्राथमिकता वाले केंद्रों'' पर भेजना और निगरानी एवं आपातकालीन उपकरणों सहित ''महत्वपूर्ण रक्षा एवं सुरक्षा आपूर्ति'' उपलब्ध कराना शामिल होगा। अंतरराष्ट्रीय परमाणु एजेंसी ने कहा कि ग्रॉसी इस सप्ताह यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में से एक की यात्रा करेंगे। हालांकि उसने यह नहीं बताया कि वह परमाणु ऊर्जा केंद्र कौन सा है। यूक्रेन में चार सक्रिय बिजली संयंत्रों में 15 परमाणु रिएक्टर हैं और यहां 1986 के परमाणु त्रासदी का केंद्र रहा चेरनोबिल संयंत्र भी है। रूसी सेना ने चेरनोबिल और जापोरिजिया में सबसे बड़े सक्रिय बिजली संयंत्र पर नियंत्रण कर लिया है। ग्रॉसी ने एक बयान में कहा, ''सैन्य संघर्ष यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों और रेडियोधर्मी सामग्री के साथ अन्य केंद्रों को अभूतपूर्व खतरे में डाल रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हम और समय गंवाने का जोखिम नहीं उठा सकते।''

## यूक्रेन में अमेरिकी सेना की तैनाती नहीं: बाइडेन

**वाशिंगटन ■ वार्ता**



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन में अमेरिकी सेना की किसी भी संभावित तैनाती का खंडन करते हुए कहा कि उनके शब्दों का गलत अर्थ निकाला गया। उन्होंने पोलैंड में अमेरिकी सैनिकों द्वारा यूक्रेन के सैनिकों को प्रशिक्षित करने की बात कही थी। पोलैंड में 82वें एयरबोर्न डिवीजन की अपनी यात्रा के दौरान श्री बाइडेन ने कहा था कि अमेरिकी सैनिकों को यूक्रेनी बहादुरी के कई उदाहरण दिखाई देंगे, जब वे 'वहां' होंगे।

श्री बाइडेन ने अपनी पिछली टिप्पणियों के बारे में सोमवार को पूछे गए एक सवाल का जवाब में कहा, "आप इस तरह से शब्दों की व्याख्या करते हैं। मैं सैनिकों से बात कर रहा था। हम सैनिकों को प्रशिक्षित करने में मदद करने के बारे में बात कर रहे थे। इसका मतलब है कि यूक्रेन के सैनिक जो पोलैंड में हैं।" रूस द्वारा रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल पर उन्होंने कहा, "इससे एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया शुरू होगी। दुनिया बहुत कुछ जानना चाहती है। मैं उन्हें यह नहीं बता रहा हूं कि प्रतिक्रिया क्या होगी।"

## नफ्ताली की भारत यात्रा स्थगित

**यरुशलम, भाषा।** इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट की अगले सप्ताह होने वाली भारत यात्रा स्थगित कर दी गई है और इसके लिए नई तिथि तय की जाएगी। प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बेनेट की जांच में रविवार शाम को कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई थी और अभी वह घर पर पृथक-वास में रहकर काम कर रहे हैं। वह तीन से पांच अप्रैल के बीच भारत की यात्रा करने वाले थे। मीडिया सलाहकार ने कहा, "प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट की भारत यात्रा स्थगित कर दी गई है और इसके लिए नई तारीख तय की जाएगी।"

## इमरान के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर तीन अप्रैल को मतदान: मंत्री

**इस्लामाबाद ■ भाषा**



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान तीन अप्रैल को होगा। गृह मंत्री शेख राशिद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नेशनल असेंबली के एक सत्र के दौरान सोमवार को विपक्षी दलों द्वारा खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के बाद राशिद ताजा राजनीतिक स्थिति को लेकर यहां संघीय राजधानी में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''31 मार्च को अविश्वास प्रस्ताव पर बहस होगी, उसके बाद तीन अप्रैल को मतदान होगा।'' उन्होंने दावा किया कि खान इसमें विजयी रहेंगे। उन्होंने अनुमान जताया कि अलग-थलग पड़े सभी सहयोगी खान के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन करने के लिए वापस आएंगे जैसा कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद (पीएमएल-क्यू) द्वारा पहले ही किया जा चुका है।

उन्होंने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और विपक्षी दलों द्वारा रविवार और सोमवार को अलग-अलग राजनीतिक रैलियां करने के बाद सभी सड़कों को खोल दिया गया है और शहर के एक हिस्से में कोई नाकेबंदी नहीं की गई है। राशिद ने यह भी कहा कि राजधानी को एक बड़ी घटना से बचाते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने कम से कम चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम), जिसमें पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-आई) एवं अन्य दल शामिल हैं, ने सोमवार रात इस्लामाबाद में श्रीनगर राजमार्ग पर एक बड़ी रैली का आयोजन किया।

# आर्थिकी/कंपनियां

## सेंसेक्स 350 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,300 के पार

**मुंबई ■ भाषा**



शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 350 अंक के लाभ के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इन्फोसिस के शेयरों में बढ़त के साथ बाजार में तेजी आयी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 350.16 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,943.65 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 408.04 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,001.53 अंक तक गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 103.30 अंक यानी 0.60 प्रतिशत चढ़कर 17,325.30 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से एचडीएफसी, भारतीय एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, डॉ. रेड्डीज, सन फार्मा, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व और एनटीपीसी शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट मामूली नुकसान में रहा। यूक्रेन और रूस के बीच तुर्की में शांति वार्ता से पहले यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.52 प्रतिशत बढ़कर 113.1 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया।

## जीईएफ कैपिटल ने जुटाया 20 करोड़ डॉलर का वित्त

**मुंबई, भाषा।** जलवायु निवेश पर केंद्रित निजी इक्विटी फर्म जीईएफ कैपिटल पार्टनर्स ने अपने साउथ एशिया ग्रोथ फंड-2 के लिए करीब 20 करोड़ डॉलर का वित्त जुटाया है। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसने यह राशि ब्रिटिश सीडीसी ग्रुप, आईएफसी और डच निवेश फर्म एफएमओ से जुटाया है। इनके अलावा यूरोपियन इंवेस्टमेंट बैंक, प्रोपार्को, स्वीडफंड, यूएस डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन और बीआईओ ने भी इस वित्तपोषण में योगदान दिया है।

### बिजनेस सुर्खियां

## ट्रायम्फ में उतारी टाइगर स्पोर्ट 660 बाइक

**नई दिल्ली, भाषा।** ब्रिटेन के प्रीमियम मोटरसाइकिल ब्रांड ट्रायम्फ मोटरसाइकिल्स ने भारत में पूर्ण रूप से नई टाइगर स्पोर्ट 660 बाइक पेश की है। इस मोटरसाइकिल की शोरूम कीमत 8.95 लाख रुपये है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि उसने टाइगर स्पोर्ट 660 के साथ प्रीमियम मध्यम भार की एडवेंचर श्रेणी में प्रवेश किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि टाइगर स्पोर्ट 660 प्रीमियम एडवेंचर मोटरसाइकिल श्रेणी में हमारी स्थिति को मजबूत करेगी और टाइगर श्रृंखला के लिए एक नया प्रवेश बिंदु प्रदान करेगी। यह बाइक अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन मोटरसाइकिल होगी। टाइम्फ मोटरसाइकिल्स इंडिया के कारोबार प्रमुख शोएब फारूक ने कहा, ''यह एक लंबी यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली बाइक है। लंबी सुविधाजनक यात्रा की वजह से यह युवाओं की पसंदीदा बाइक बनेगी।''

## एलेम्बिक फार्मा ने एलोर डर्मा में सौ फीसदी हिस्सेदारी ली

**नई दिल्ली, भाषा।** दवा कंपनी एलेम्बिक फार्मा ने मंगलवार को कहा कि उसने एलोर डर्माक्यूटिकल्स का अपने संयुक्त उद्यम साझेदार ऑर्बिक्यूलर से पूर्ण अधिग्रहण कर लिया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक प्रणव अमीन ने मंगलावर को पीटीआई-भाषा को इस अधिग्रहण सौदे की जानकारी देते हुए कहा कि एलेम्बिक फार्मा ने ऑर्बिक्यूलर फार्मास्युटिकल टेक्नोलॉजी से बाकी 40 प्रतिशत हिस्सेदारी भी खरीद ली है। इस तरह एलोर में उसकी शत-प्रतिशत हिस्सेदारी हो गई है। पहले से ही एलेम्बिक के पास 60 फीसदी शेयर थे। हालांकि कंपनी ने इस अधिग्रहण सौदे से जुड़ी रकम का खुलासा नहीं किया है।

## टीवी रेटिंग कंपनी नील्सन का 16 अरब डॉलर में अधिग्रहण

**न्यूयॉर्क, एपी।** ब्रुकफील्ड बिजनेस पार्टनर्स की अगुवाई में निजी इक्विटी निवेशकों ने 16 अरब डॉलर में टीवी रेटिंग और विपणन आंकड़ा कंपनी नील्सन का अधिग्रहण किया है। इससे पहले कंपनी ने नौ अरब डॉलर की पेशकश ठुकरा दी थी। ब्रुकफील्ड बिजनेस पार्टनर्स की अगुवाई में निजी इक्विटी निवेशक तरजीही इक्विटी के जरिये कंपनी में 2.65 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। इसे नील्सन के सामान्य शेयरों की 45 प्रतिशत हिस्सेदारी में परिवर्तित किया जा सकेगा। इक्विटी के रूप में होने वाले सौदे का मूल्य 10 अरब डॉलर से कुछ ही अधिक है। शेष कर्ज के रूप है, जो नील्सन के ऊपर है। न्यूयॉर्क की कंपनी नील्सन होल्डिंग्स पीएलसी ने इससे पहले समूह की पूर्व में की गयी पेशकश को ठुकरा दिया था। नील्सन टेलीविजन के दर्शकों की संख्या का आकलन करने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है। इसके आंकड़ों से विज्ञापन व्यय निर्धारित होता है। कंपनी की सालाना वैश्विक आय 3.5 अरब डॉलर है।

## रुपया 23 पैसे मजबूत

**मुंबई, भाषा।** रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 23 पैसे की मजबूती के साथ 75.93 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों के अनुकूल रुख और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम में नरमी आने से रुपये को समर्थन मिल रहा है। इसके अलावा विदेशी बाजारों में डॉलर के कमजोर होने से भी रुपया मजबूत हो रहा है।

रणवीर सिंह ने अक्षय को पछाड़ा

## विराट फिर चुने गए देश के अग्रणी सेलिब्रिटी ब्रांड

**मुंबई ■ भाषा**



क्रिकेटर विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने और साल भर में अपनी हैसियत में गिरावट आने के बावजूद देश के सबसे मूल्यवान सेलिब्रिटी ब्रांड के तौर पर अपना स्थान बरकरार रखा है।

सलाहकार फर्म डफ एंड फेल्प्स की तरफ से मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि कोहली का ब्रांड मूल्य वर्ष 2021 में गिरकर 18.57 करोड़ डॉलर रह गया, जबकि वर्ष 2020 में यह 23.77 करोड़ डॉलर था। विराट के बाद दूसरा स्थान अभिनेता रणवीर सिंह का है जिनका ब्रांड मूल्य 15.83 करोड़ डॉलर आंका गया है। रणवीर ने इस दौरान अक्षय कुमार को पीछे छोड़ा है जो अब 13.69 करोड़ डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ वह तीसरे स्थान पर हैं। अभिनेत्री आलिया भट्ट इस सूची में चौथे स्थान पर हैं जिनकी ब्रांड कीमत 6.81 करोड़ डॉलर है। इसके साथ ही वह महिला सेलिब्रिटी के बीच सबसे आगे हैं। दीपिका पादुकोण 5.16 करोड़ डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ सूची में सातवें स्थान पर हैं। सेलिब्रिटी ब्रांड सूची तैयार करने वाली फर्म डफ एंड फेल्प्स के प्रबंध निदेशक अविरल जैन ने कहा कि इस सूची में फिल्म उद्योग से जुड़ी शख्सियतों का दबदबा है लेकिन कोहली, सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा और पी वी सिंधु जैसे खिलाड़ी भी इसमें दमदार मौजूदगी रखते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में ब्रांड मूल्य में दर्ज किए गए उछाल के मामले में रणवीर, आलिया और क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी आगे रहे हैं।

## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पर्याप्त पूंजी डाली गयी

**नई दिल्ली, भाषा।** सरकार ने पिछले पांच साल के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में 2,86,043 करोड़ रुपये की पूंजी डाली है और वे पर्याप्त रूप से पूंजीकृत हैं। मंगलवार को संसद को यह जानकारी दी गई। सरकार ने वर्ष 2017-18 और वर्ष 2021-22 के बीच लगभग तीन लाख करोड़ रुपये की पूंजी डाली। वित्त राज्यमंत्री भागवत के कराड ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का पूंजी के अनुपात में जोखिम भारांश परिसंपत्ति अनुपात (सीआरएआर) में पिछले तीन साल में काफी सुधार हुआ है। यह वर्ष 2018-19 के अंत में 12.20 प्रतिशत से बढ़कर 31 दिसंबर, 2021 तक 14.34 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा, ''जैसा कि 31 दिसंबर, 2021 को उनकी पूंजी की स्थिति से पता चलता है, पीएसबी में वर्तमान समय में पर्याप्त पूंजी है।'' भारतीय साधारण बीमा निगम (जीआईसी) के संबंध में कराड ने कहा कि जीआईसी के निजीकरण का कोई प्रस्ताव फिलहाल सरकार के विचाराधीन नहीं है।

## सरकार ओएनजीसी में 1.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली, भाषा।** सरकार देश की प्रमुख तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी में 1.5 प्रतिशत तक हिस्सेदारी इस सप्ताह करीब 3,000 करोड़ रुपये में बेचेगी। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सरकार की बिक्री पेशकश 30 मार्च को खुलेगी और 31 मार्च को बंद होगी। कंपनी ने कहा, ''प्रवर्तक (सरकार) ने कंपनी के 9,43,52,094 शेयर (कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी की 0.75 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर) 30 मार्च, 2022 को गैर-खुदरा निवेशकों और 31 मार्च को खुदरा निवेशकों को बेचने का प्रस्ताव किया है। साथ ही अधिक बोली आने पर 9,43,52,094 अतिरिक्ति इक्विटी शेयर बेचने का भी विकल्प रखा है।'' बिक्री पेशकश के लिये मूल्य 159 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। ओएनजीसी ने मंगलवार को शेयर बाजार से कहा कि यह मूल्य बीएसई में मंगलवार को कंपनी के शेयर के बंद भाव 171.05 रुपये के मुकाबले सात प्रतिशत कम है।


टाइटन बायोटेक लिमिटेड
CIN: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019, दूरभाष: 011-27674615
ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com | वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **टाइटन बायोटेक लिमिटेड** के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

| क्रम सं. | नाम | फ़ोलियो नं. | प्रमाण पत्र सं | डिस्टिंक्टिव नं. | इक्विटी शेयरो की सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव गुप्ता | 0017547 | 3183 | 317571-317670 | 100 |
| | | 0017548 | 3148 | 317671-317770 | 100 |

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 29-03-2022
स्थान : दिल्ली